RAF SECTOR

NEWS CLIP

03/01/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Daink bhaskar, Jaipur, (RAJ)

आरएएफ 83 बटालियन के स्थापना दिवस पर आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर में आमेर के लालवास गांव स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन का स्थापना दिवस मनाया गया। आरएएफ 83 बटालियन कैम्पस में स्थापना दिवस के साथ 13 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ आयोजित किया गया। 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन शहीद स्मारक पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की और बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सैरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केन्द्र संगठन की ओर से 13 वॉं आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम जो कि जयपुर में दिनांक 27 दिसंबर से 2 जनवरी 2022 तक आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर झारखण्ड और छत्तीसगढ़ राज्यों के नक्सल

प्रभावित 06 जिलों से आए 200 युवा प्रतिभागी और 20 एस्कोर्टस (अधिकारी), जयपुर जिले के 30 स्थानीय युवाओं समेत कुल 250 प्रतिभागियों को रैपिड एक्शन फोर्स कैम्प का भ्रमण करवाया गया। इसके दौरान रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से दंगे की स्थिति में की जाने वाली कार्य प्रणाली को समझाते हुए 83 बटालियन की एक प्लाटून द्वारा दंगा नियन्त्रण ड्रील का प्रदर्शन दिखाया गया। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स के दंगा नियन्त्रण इस्तेमाल किये जाने वाले एक्यूपमेंट और स्पेशल एक्यूपमेंट की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रतिभागियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अलग-अलग पदों पर होने वाली भर्तीयों से संबन्धित प्रक्रिया के बारे में सहायक कमांडेंट रामजस यादव ने विस्तार से बताया गया। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने आदिवासी युवाओं के उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के साथ-साथ राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल होने, राष्ट्रीय एकता एवं सम्प्रभुता की भावना को जागृत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नेहरू युवा केन्द्र जयपुर की ओर से किये गये इस प्रकार के कार्यक्रम कि सराहना की। शाम को बटालियन में बड़े खाने के साथ-साथ युवाओं के मनोरंजन के लिए रंगारग सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी युवाओं के साथ बल के जवानों ने भी अपनी प्रस्तुतियां पेश की। समाजसेवी अभिषेक गोयल और आशिष गोयल ने सभी युवा प्रतिभागियों को कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक पवन कुमार अमरावत, उपनिदेशक महेश कुमार शर्मा, एमएस सिसोदिया, बटालियन के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Prabhat Khabar,Jamshedpur, (JKD)

नव वर्ष पर रैफ 106 कमांडेंट ने काटा केक

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन परिसर स्थित मेंस क्लब में नववर्ष का आयोजन कमांडेंट डॉ निशीत कुमार के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने किया. कार्यक्रम में कमांडेंट डॉ निशीत कुमार ने केक काट कर नववर्ष का स्वागत किया. मौके पर मौजूद सभी लोगों के बीच केक का वितरण किया गया. कार्यक्रम में कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए 50 जवानों को शामिल किया गया था. कमांडेंट ने सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनकी सुख-समृद्धि की कामना की.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।